SSMCH
HOSPITAL • RESEARCH • EDUCATION
"सर्वे सन्तु निरामया"

# सुख सागर टाइम्स

सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

जनवरी-मार्च 2023 | अंक 1

## दो शब्द

SSMCH
HOSPITAL • RESEARCH • EDUCATION
"सर्वे सन्तु निरामया"



श्री बी.एस. खन्ना
चेयरमैन -सुख सागर मेडिकल कॉलेज

सुखसागर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की स्थापना के साथ हमारी आकांक्षा है कि हम इसे विश्वस्तरीय, गुणवत्तापूर्ण, अत्याधुनिक, सर्वोत्तम इंफ्रा के साथ सुपर स्पेशियालिटी और मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल और मेडिकल शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान बनाएं।

हमारा लक्ष्य उच्च स्तरीय जवाबदारी और कठिन मेहनत के साथ इसे गुणवत्ता के पैमाने पर सबसे ऊपर ले जाने का है, जहाँ टीम वर्क को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। हमारी इस दूर-दृष्टि की संस्कृति हमारे छात्रों को न केवल आज की जवाबदारियों और चुनौतियों का सामना करना सिखाती हैं वरन वह भविष्य में एक डॉक्टर की तरह उनके राष्ट्रीय, सामाजिक और व्यक्तिगत दायित्व को निभाना भी सिखाती है।

मेडिकल संस्थानों को मानवता की सेवा और बेहतरी के लिए देखा जाता है। हमारे संस्थान ने इन क्षेत्रों में गुणवत्ता कायम रखने के लिए विशेष लक्ष्य निर्धारित किये हैं और उसके क्रियान्वयन की योजनाएं भी बनाई हैं।

सुख सागर मेडिकल कॉलेज पीड़ित मानवता की सेवा के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान का लक्ष्य व्यावसायिक रूप से परिपक्व और सेवा के प्रति उन्मुख डॉक्टर तैयार करना है।

हमारा लक्ष्य मेडिकल शिक्षा में अकादमिक गुणवत्ता पूर्ण शैक्षणिक स्तर को प्राप्त करना है। हम इस संस्थान को अपना सवश्रेष्ठ देना चाहते हैं और मेडिकल प्रोफेशन के क्षेत्र में इसे विशेष और विख्यात बनाना चाहते हैं। इस यात्रा में स्वयं के पहले सेवा ही हमारा प्रयास और लक्ष्य रहेगा ।

सुख सागर टाइम्स जो हमारा मुख - पत्र है, के आरंभ की बधाई और शुभकामनाएं ।

# दो शब्द

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि सुख सागर परिवार द्वारा दिन-प्रतिदिन होने वाले कार्य की जानकारी सब तक पहुंचाने हेतु सुखसागर टाइम्स का प्रकाशन प्रारंभ किया जा रहा है। सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कार्य कर रहा है। इसकी जानकारी सबको दिया जाना आवश्यक है जिससे कि अधिक से अधिक लोग इस परिवार से जुड़ सकें एवं लाभान्वित हो सकें। सुखसागर टाइम्स के प्रकाशन के लिए मैं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।



डॉ. प्रदीप कसार
डीन- सुख सागर मेडिकल कॉलेज
(पूर्व डीन-नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर,मध्य प्रदेश)





डॉ. निपुण अग्रवाल
मेडिकल सुप्रिटेन्डेन्ट,
विभागाधक्ष-चेस्ट मेडिसिन
क्रिटिकल केयर

सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की कल्पना एक बरगद की तरह है। जहां हजारो पंछी रोज़ शरण पाते हैं। इसी तरह यहां हम रोज़ सैकड़ों लोगों का इलाज करने के साथ-साथ ऐसे कई काम करते हैं जो मेडिकल के क्षेत्र में उल्लेखनीय है। कोरोना काल में हमने यह साबित कर दिखाया कि हम पीड़ित मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस समय हमने यह भी साबित किया कि हमारा काम और प्रतिबद्धता अतुलनीय है।

हमें विश्वास है कि यह न्यूज़ लेटर सुख सागर की विकास यात्रा मे उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

इस प्रयास और आरंभ के लिए अनन्त शुभकामनाएं ।

सी.एम.ई

# प्रोक्टोकेयर 2023

## सर्जरी की राष्ट्रीय कार्यशाला




डॉ धनंजय शर्मा, डॉ.वी. के. रैना, डॉ. प्रदीप कसार, डॉ. सी पी कोठारी और डॉ. अर्जुन सक्सेना दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।





पीड़ित मानवता के लिए प्रतिबद्ध सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जबलपुर में 2023 सर्जरी की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत लाइव ऑपरेटिव सर्जरी वर्कशॉप एवं साइंटिफिक सेशन हुए । इस कार्यशाला में देश भर से आए 80 शल्य चिकित्सकों ने भागीदारी की व बवासीर भगंदर फिशर की 10 लाइव सर्जरी ऑपरेशन अत्याधुनिक लेजर तकनीक एवं स्टेप्लर द्वारा किए गए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सर्जन प्रोफेसर डॉक्टर धनंजय शर्मा थे। आयोजन में इंदौर के ख्याति प्राप्त सर्जन डॉक्टर सीपी कोठारी , डॉक्टर परमिंदर लुभाना , डॉक्टर अरविंद घनघोरिया, वर्धा से डॉक्टर पंकज गडे , एवं जबलपुर के डॉक्टर बीके रैना , डॉक्टर के.सी देवानी एवं अन्य चिकित्सकों ने विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों पर कार्यशाला मे उद्बोधन दिया।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 50 मरीजों ने इसमें अपना पंजीयन कराया जिनका ऑपरेशन क्रमागत रूप से किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन सुख सागर मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के एच.ओ.डी प्रोफेसर डॉ. अर्जुन सक्सेना की अध्यक्षता एवं सचिव डॉ. अंशुल बटालिया के द्वारा किया गया।
देश से आए सभी सर्जन ने सुख सागर मेडिकल कॉलेज के अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर एवं अन्य सुविधाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार एवं मैनेजमेंट ट्रस्टी रमनदीप खन्ना एवं डॉ. कवनीत आनंद मौजूद रहे जिन्होंने शहर और बाहर से आए सभी शल्य चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया और पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निःशुल्क कार्यशाला प्रोटोकेयर २०२३ में एक मंच पर एक साथ इतने शल्य चिकित्सकों को लाने के लिए प्रोफेसर डॉ. अर्जुन सक्सेना, जबलपुर सर्जन एसोसिएशन एवं एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ़ इंडिया एवं सुखसागर के समूचे सर्जरी विभाग को धन्यवाद दिया व आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. के.सी दीवानी के नेतृत्व में किया गया।

# उपलब्धियां




MPASICON 2023 में अतिथि उद्बोधन देते हुए डॉ अर्जुन सक्सेना -इंदौर 25 फरवरी ।




इंडियन मेडिकल काउंसिल द्वारा 18 फरवरी को आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस GLOBALCON 2023 में फेसिलिटेट करते हुए डॉ अर्जुन सक्सेना।

Royal College of Surgeons of England
ADVANCING SURGICAL CARE

डॉ अंशुल बटालिया को रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन ऑफ इंग्लैंड ने डिप्लोमा ऑफ मेम्बरशिप की फेलोशिप 9 मार्च 2023 को प्रदान की है।

## सी.एम.ई

# डाइबिटिक हार्ट अटैक/स्ट्रेस मैनेजमेंट के नए शोधों और मानदंडों पर चर्चा



सुखसागर मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल में कनेडा से आये डॉ. अभिनव शर्मा और डॉ. कैथरीन ने डाइबिटिक हार्ट अटैक/स्ट्रेस मैनेजमेंट के नए शोधों और मानदंडों के बारे में बताया ।
डॉ. अभिनव शर्मा कनेडा में हार्ट के और डॉ. कैथरीन स्ट्रेस के विशेषज्ञ हैं।
इस कार्यक्रम में सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के कई डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम डॉ. के सी शर्मा के नेतृत्व मे संपन्न हुआ।





# फाइब्रो स्कैन शिविर आयोजित

## सी.एम.ई











दिनांक 16 फरवरी को सुख सागर हॉस्पिटल के वार्ड नंबर 7 में फाइब्रो स्केनिंग मशीन से लीवर की जांच का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लीवर से संबंधित बीमारियों के लिए 50 मरीजो की निःशुल्क जांच की गई। विदित रहे कि फाइब्रो स्केन लीवर की जांच की लेटेस्ट तकनीक है और यह कैम्प संभवतया प्रदेश का पहला कैंप है जो सुख सागर हॉस्पिटल में लगाया गया। यह शिविर अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. निपुण अग्रवाल के प्रयासों और नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# सम्मान

## डॉ निपुण अग्रवाल






सुख सागर मेडिकल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट एवं चेस्ट मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर के विभागाध्यक्ष डॉ निपुण अग्रवाल को इंडियन मेडिकल एसोशिएशन जबलपुर ने डॉ बी सी रॉय यंग एचीवर अवार्ड ग्लोबकोंन 2023 से सम्मानित किया है।

यह सम्मान उन्हें कोविड काल मे किये गए उनके अपूर्व काम के लिए दिया गया है।

# डॉ. सिंघई को बेस्ट सर्जन का भूषण पुरस्कार 2023




डॉ. राजेश सिंघई जो कि वर्तमान में सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में वरिष्ठ सर्जन है, इन्हें राज्य भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विदित रहे कि यह अवार्ड राज्य स्तर पर उल्लेखनीय काम करने वाले विभिन्न विधाओं के लोगों को दिया जाता है और यह पुरस्कार राज्य स्तर पर पदम विभूषण की मान्यता रखता है। डॉ. सिंघई को यह पुरस्कार सर्जरी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

इस सम्मान समारोह का आयोजन 26 फरवरी 2020 मंगेशकर सभागार इंदौर में किया गया।









# एमबीबीएस प्रथम वर्ष के दोनों सत्रों के छात्रों की वाइट-कोट सेरेमनी और चरक शपथ का आयोजन










सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 2022-23 के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के दोनों सत्रों के छात्रों की वाइट-कोट सेरेमनी और चरक शपथ का आयोजन किया गया दोनों सत्र के 300 छात्र इसका हिस्सा बने। कॉलेज और हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भावी डॉक्टरों को वाइट कोट पहनाया ।

इस अवसर पर बोलते हुए मेडिकल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति और सुखसागर मेडिकल कॉलेज के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. डी. पी. लोकवानी ने मेडिकल छात्रों से इस प्रोफेशन से जुड़ी चुनौतियों और जवाबदारियों के बारे में बताया। कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार ने चरक शपथ की व्यख्या करते हुए कहा कि यह पीड़ित मानवता के लिए काम करने का प्रोफेशन है और भविष्य में डॉक्टर बन कर आप इसकी गरिमा बनाये रखें।

कार्यक्रम के अध्यक्ष और सुखसागर मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ.पराशर ने छात्रों से कहा कि जब दर्द में कराहता व्यक्ति डॉक्टर को देखता है तो उसे वह भगवान का स्वरूप लगता है। इसलिए पीड़ित मानवता के प्रति हमारी जवाबदारी सबसे अधिक है और इस भूमिका में आने की तैयारी हमें पूरी गंभीरता से करना चाहिए।
इस कार्यक्रम में सुखसागर मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर्स श्री अमनदीप खन्ना, श्री रमनदीप खन्ना, और डॉ. कवनीत खन्ना उपस्थित थे।
कार्यक्रम का संचालन मेडिकल कॉलेज के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर श्री कौस्तुभ वर्मा ने किया।

# 26 जनवरी 2023

## कुछ झलकियाँ


















SUKH SAGAR MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL,


BATCH 2022-23

















SUKH SAGAR MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, JABALPU
WHITE COAT CEREMONY

# आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षण-1



## 50 आशा कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में लिया हिस्सा

**सुख सागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर में जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमे 50 आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया ।**



सुख सागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर में JSY (जननी सुरक्षा योजना) एवं PSY (प्रसूति सहायता योजना) की एक दिवसीय कार्यशाला, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत आशा बहनों हेतु सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में 50 से अधिक आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ग़ौरतलब है कि राज्य सरकार की JSY योजना में किसी भी सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर श्रमिक महिलाओं को 16000/- रुपए की सहायता राशि राज्य सरकार द्वारा मिलती है और अब इस योजना को प्रदेश के सभी प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में भी सरकार द्वारा लागू कर दिया गया है।

आशा कार्यकर्ता जो ज़मीनी स्तर पर कार्य करती हैं उनको सरकार की इस योजना को प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में शुरू होने के बारे में अवगत कराया गया ।

सुख सागर मेडिकल कॉलेज के अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा प्रसव एवं प्रसव पूर्व/ प्रसव पश्चाचात होने वाली समस्याओं पर कई जानकारियाँ एवं ट्रेनिंग दी गयी।

इसके अलावा सुख सागर मेडिकल कॉलेज में होने वाले सभी निःशुल्क इलाजों की जानकारी व अन्य सुविधाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया गया। इस आयोजन में सुख सागर मेडिकल कॉलेज के मेडिकल डायरेक्टर एवं MPMSU के पूर्व कुलपति डॉ. डी पी लोकवानी, कॉलेज के वर्तमान डीन एवं जबलपुर मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. पी के कसार, ट्रस्टी डॉ. कवनीत आनंद, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. निपुण अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पारकर, डॉ. साधना सक्सेना, डॉ. मानसी , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सोलंकी एंव डॉ. दीप्ति मौजूद रहे। गौरतलब है, आशा बहनों के लिए किसी भी मेडिकल कॉलेज द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में ऐसी कार्यशाला पहली बार आयोजित की गयी हैं ।

कॉलेज के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने आशा बहनों के योगदान के लिए आभार प्रकट किया।





# आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षण-2



## 68 आशा कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में लिया हिस्सा

**18 मार्च 2023 को सुख सागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर में आशा स्वास्थ कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बरगी और आसपास के क्षेत्र की 68 आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।**



18 मार्च को मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल नम्बर 2 में आशा स्वास्थ कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बरगी और आसपास के क्षेत्र की 68 आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम को SSMCH के प्रबंध निर्देशक श्री कौस्तुभ वर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने आशाओं से काम के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा और आशाओं को आश्वस्त किया कि ज्यादातर समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कर दिया जाएगा।

डॉ. विवेक तिवारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में आशाओं को बताया । श्री प्रियांश ने आशा बहनों को JSY/PSY के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया के बारे में समझाया।

भोजन अवकाश के बाद दूसरे दौर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. साधना वर्मा और डॉ. लक्ष्मी ने आशाओं के प्रजनन से संबंधित सवालों के जवाब दिए। आशा और जननी कार्यक्रम के फेसिलिटेटर नौशाद ने सभी का आभार जताया।





















# हेल्थ कैम्प

## ग्राम पंचायत-खुरसरा - सिवनी








# हेल्थ कैम्प

## 19 फरवरी 2023
## ग्राम पांडिवाड़ा थाना उगली

### बरगी









# हेल्थ कैम्प

## 16 मार्च 2023, गोहलपुर, जबलपुर में 300 मरीज आये।



# कैरियर ड्राइव









सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की कैरियर और प्लेसमेंट टीम ने बरगी महाविद्यालय के लगभग 130 बच्चों से बातचीत की और उन्हें मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े कैरियर अवसरों के बारे में बताया। सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के एचआर हेड श्री नौशाद आलम सिद्धकी ने हाल में ही शुरू हुए बीएससी नर्सिंग के 4 साल के कोर्स और एन.एम कोर्स जिसे किसी भी संकाय के विद्यार्थी कर सकते हैं के बारे में बताया। सुख सागर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य श्री लोधी ने छात्र-छात्राओं को इससे जुड़ी संभावनाओं के साथ-साथ इसी जगह पर सौ फीसदी प्लेसमेंट की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल की ओर से श्री जितेंद्र विश्वकर्मा और बरगी कॉलेज की ओर से सुश्री नमिता सिंह ने कॉर्डिनेट किया।

आयुष्मान भारत
निरामयम
मध्य प्रदेश

ज्ञानजीत ट्रस्ट के अंतर्गत, सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर, मध्यप्रदेश का आंतरिक प्रकाशन, गैर व्यापारिक उद्देश्य हेतु | प्रधान संपादक- श्री बी एस खन्ना।
सलाहकार संपादक-श्री रमनदीप खन्ना |मुख्य संपादक-श्री कौस्तुभ वर्मा |सम्पादक-रंजना | विशेष सहयोग- जावेद खान एवं नौसाद आलम सिद्धिकी | डिजाइनर- नीलम पाण्डेय
ई-मेल : ssmchnewsletter@gmail.com
फ़ोन : +91 9607077886